कर्नाटक सर्कार

# सरकारी हाईस्कूल एस.आर.कालोनी बल्लारी 583101

# विद्यागम निरंतर सीखने का कार्यक्रमका विवरण।

**टिप्पणी : -** **मान्य अधीक्षक लेटर सं:स.शि.का / विद्यागमा. आ/13497 / 2020 -21, द: दिनांक 04-08-2020 इसके अनुसार**

## WORK SHEET

अध्यापक का नाम: महबूब भाषा. एम

सरकारि हाई स्कूल एस.आर.कॉलोनी

बेल्लारी पूर्व क्षेत्र बल्लारी- 583101

मोबैल-**9739458747**



# बहुविकल्पी प्रश्न

1. वर्ण कहते हैं
(i) भाषा एवं उसके रूपों को (ii) भाषा की सबसे छोटी ध्वनि को
(iii) रंग को (iv) शब्दों को

2. स्वर कहते हैं
(i) स्वतंत्र रूप से बोले जाने वाले वर्णों को (ii) भाषा की सबसे छोटी ध्वनि को
(iii) छह वर्णों से बने शब्दों को (iv) इन सभी को

3. व्यंजन कहते हैं
(i) स्वतंत्र रूप से बोले जाने वाले वर्णों को (ii) स्वरों की सहायता से बोले जाने वाले वर्णों को
(iii) विदेशी वर्गों को (iv) इनमें से कोई भी नहीं

4. संयुक्त व्यंजन कितने प्रकार के होते हैं
(i) दो (ii) तीन (iii) चार (iv) पाँच

5. हिंदी वर्णमाला में व्यंजन वर्गों की संख्या होती है
(i) चालीस (ii) बयालीस (iii) चवालीस (iv) तैंतीस

6. हिंदी वर्णमाला में स्वरों की संख्या होती है
(i) नौ (ii) दस (iii) ग्यारह (iv) तेरह

7. य, र, ल, व व्यंजन कहलाते हैं
(i) ऊष्म (ii) अंतस्थ (iii) अनुस्वार (iv) अनुनासिक

8. इनमें कौन-सा अयोगवाह है?
(i) क् (ii) अ (iii) अं (iv) म्

9. इनमें से कौन-सा ऊष्म व्यंजन है?
(i) य (ii) श (iii) ध (iv) म्

10. विसर्ग का उच्चारण किस प्रकार होता है?
(i) 'क' की भाँति (ii) 'ह' की भाँति (iii) 'न' की भाँति (iv) 'च' की भाँति

उत्तर-

1. (ii)2. (i)3. (ii)4. (iii)5. (iv)6. (iv)7. (ii)8. (iii)9. (i)10. (ii)

## बहुविकल्पी प्रश्न

1. संज्ञा कहते हैं

(i) विशेषता बताने वाले शब्दों को (ii) किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को

(iii) तीन अक्षर से बने शब्दों को (iv) इनमें किसी को भी नहीं

2. संज्ञा के भेद होते हैं?

(i) दो (ii) चार (iii) पाँच (iv) सात

3. जो शब्द किसी जाति का बोध कराए उसे कहते हैं

(i) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ii) जातिवाचक संज्ञा (iii) भाववाचक संज्ञा (iv) द्रव्यवाचक संज्ञा

4. व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ बोध कराती हैं?

(i) किसी विशेष भाव का (ii) किसी विशेष जाति का

(iii) विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु का (iv) दिए गए सभी

5. 'तरल पदार्थ' कहलाते हैं

(i) समूहवाचक संज्ञा (ii) द्रव्यवाचक संज्ञा

(iii) भाववाचक संज्ञा (iv) जातिवाचक संज्ञा

6. व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द इनमें कौन सा है?

(i) छात्र (ii) बचपन (iii) मिठास (iv) हिमालय

7. 'लड़का' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा कौन सा शब्द है?

(i) लड़कों ने (ii) लड़के (iii) लड़कपन (iv) लड़का

8. भाववाचक संज्ञा किन शब्दों से बनती है?

(i) सर्वनाम से (ii) क्रिया से (iii) विशेषण से (iv) उपर्युक्त सभी से

9. भाववाचक संज्ञाएँ कितने प्रकार के शब्दों से बनती हैं ?

(i) तीन (ii) चार (iii) दो (iv) पाँच

10. समुदाय संज्ञा की विशेषता है

(i) किसी एक का बोध करवाती है। (ii) किसी एक समुदाय का बोध करवाती है।

(iii) किसी विशेष जाति का बोध करवाती है। (iv) किसी विशेष भावना का बोध करवाती है।

### उत्तर-

1. (ii)2. (iii)3. (ii)4. (iii)5. (ii)6. (iv)7. (iii)8. (iv)9. (ii)10. (ii)

# बहुविकल्पी प्रश्न

1. संज्ञा-सर्वनाम की संख्या का बोध कराने वाले शब्द को कहते हैं

(i) संख्याबोधक

(ii) वचने

(iii) गिनती

(iv) ये सभी

2. वचन के भेद हैं

(i) दो

(ii) तीन

(iii) चार

(iv) पाँच

3. आँख शब्द का बहुवचन शब्द है

(i) आँख

(ii) आँखें

(iii) आँखों

(iv) अँखियाँ

4. 'अध्यापिका' शब्द का बहुवचन है

(i) अध्यापिकागण

(ii) अध्यापिकावृंद

(iii) अध्यापिकाएँ

(iv) अध्यापिका जन

5. 'आकाश' शब्द है।

(i) एकवचन

(ii) सदा बहुवचन

(iii) सदा एकवचन

(iv) बहुवचन

## उत्तर-

1. (ii)2. (i)3. (ii)4. (iii)5.(iii)

# बहुविकल्पी प्रश्न

1. कारक की विभक्तियों का अन्य नाम है

(i) काल (ii) चिह्न (iii) परसर्ग (iv) क्रिया

2. 'का' 'की' 'के' विभक्ति-चिह्न हैं

(i) संबंध कारक के (ii) कर्म कारक के (iii) कर्ता कारक के (iv) संप्रदान कारक के

3. कारक के भेद होते हैं

(i) पाँच (ii) सात (iii) आठ (iv) नौ

4. रेखांकित में कारक के नाम बताइए–'पेड़ से पत्ते गिरते हैं।'

(i) करण कारक (ii) अपादान कारक (iii) संबंध कारक (iv) संप्रदान कारक

5. भिखारी को भीख दे दो

(i) कर्मकारक (ii) करण कारक (iii) अपादान कारक (iv) संप्रदान कारक

6. बच्चा कुत्ते से डरता है

(i) करण कारक (ii) कर्म कारक (iii) अपादान कारक (iv) कर्ता कारक

7. तुम्हारे घर सोना बरसेगा

(i) कर्ता कारक (ii) अधिकरण कारक (iii) अपादन कारक (iv) कारण कारक

8. नेहा' मेरे लिए कॉफ़ी बनाने लगी। वाक्य में रेखांकित शब्द है

(i) कर्ता कारक (ii) करण कारक (iii) संप्रदान कारक (iv) अपादान कारक

9. 'चाय मेज़ पर रख देना' रेखांकित शब्द कारक है

(i) कर्ता कारक। (ii) अपादान कारक (iii) संबोधन कारक (iv) अधिकरण कारक

10. मोहन की पुस्तक मेरे पास है। रेखांकित शब्द कारक है।

(i) संबंध कारक (ii) अधिकरण कारक (iii) अपादान कारक (iv) कर्म कारक

उत्तर-

1. (iii)2. (ii)3. (iii)4. (ii)5. (iv)

6. (iii)7. (ii)8. (iii)9. (iv)10. (i)

# बहुविकल्पी प्रश्न

1. 'उपेंद्र' शब्द का सही संधि विच्छेद है

(i) उपा + इंद्र (ii) उप + इंद्र (iii) उपे + इंद्र (iv) उपी + इंद्र

2. 'नयन' में कौन सी संधि है

(i) यण संधि (ii) गुण संधि (iii) वृद्धि संधि (iv) अयादि संधि

3. 'एकैक' में कौन सी संधि है

(i) यण संधि (ii) दीर्घ संधि (iii) गुण संधि (iv) वृद्धि संधि

4. कौन-सा भेद संधि का नहीं है

(i) विसर्ग संधि (ii) व्यंजन संधि (iii) जल संधि (iv) स्वर संधि

5. 'हरिश्चंद्र' में कौन-सी संधि है।

(i) स्वर संधि (ii) विसर्ग संधि (iii) व्यंजन संधि (iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं

(i) चार (ii) पाँच (iii) सात (iv) छह

7. 'प्रणाम' का संधि विग्रह होगा–

(i) प्रण + आम (ii) प्र + णाम (iii) प्रण + नाम (iv) प्र + णाम

8. जगदीश का विग्रह होगा

(i) जगदी + ईश (ii) जगद + ईश (iii) जगत् + ईश (iv) जगती + ईश

## उत्तर-

1. (ii)2. (iv)3. (iv)4. (iii)

5. (ii)6. (ii)7. (ii)8. (iii)

# बहुविकल्पी प्रश्न

1. (,) इस चिह्न को कहते हैं

(i) पूर्ण विराम(ii) प्रश्नसूचक

(iii) अल्पविराम

(iv) इनमें से कोई नहीं

2. विस्मयादिबोधक चिह्न है

(i) ?

(ii) ,

(iii) !

(iv) ।

3. वाक्य के पूर्ण होने पर लगाया जाने वाले चिह्न कहलाता है

(i) अल्पविराम

(ii) पूर्णविराम

(iii) विस्मयादि सूचक

(iv) प्रश्नसूचक

4. ( .) इस चिह्न को कहते हैं?

(i) योजक चिह्न

(ii) लाघव चिह्न

(iii) पूर्णविराम चिह्न

(iv) इनमें कोई नहीं

5. (|^) चिह्न को कहते हैं।

(i) अर्ध विराम चिह्न

(ii) पूर्णविराम चिह्न

(iii) लाघव चिह्न

(iv) त्रुटि चिह्न

उत्तर-

1. (iii) 2. (ii) 3. (ii)4. (ii)5. (iv)

# बहुविकल्पी प्रश्न

1. 'यथाशक्ति' दूसरों की सहायता करो

(i) बहुब्रीहि समास (ii) कर्मधारय समास (iii) अव्ययीभाव समास (iv) द्विगु समास

2. श्रीकृष्ण' ने 'पीतांबर' धारण किया है

(i) कर्मधारय (ii) बहुब्रीहि (iii) द्वंद्व (iv) तत्पुरुष

3. 'पीतांबर' भगवान सर्वत्र हैं

(i) कर्मधारय (ii) बहुब्रीहि (iii) तत्पुरुष (iv) अव्ययीभावे

4. राम ने 'दशानन' का वध किया–

(i) द्विगु (ii) अव्ययीभाव (iii) कर्मधारये (iv) बहुब्रीहि

5. "चरण कमल' बंद हरिराई

(i) तत्पुरुष (ii) बहुब्रीहि (iii) कर्मधारय (iv) द्वंद्व

6. समास के कितने भेद होते हैं?

(i) चार (ii) पाँच (iii) छह (iv) आठ

7. तत्पुरुष समास का उदाहरण इनमें से कौन-से विकल्प में है

(i) जलमग्न (ii) पीतांबर (iii) कमलनयन (iv) राजा-रानी

8. किस समास में पहला पद संख्यावाचक होता है?

(i) द्विगु समास (ii) द्वं द्व समास(iii) बहुब्रीहि समास(iv) तत्पुरु ष समास

उत्तर-

1. (ii) 2. (i) 3. (iii) 4. (i)

5. (i) 6. (iii) 7. (i) 8. (i)

# बहुविकल्पी प्रश्न

**नीचे दिए गए मुहावरों के उचित अर्थ पर सही का चिह्न लगाओ।**

1. "अँगूठा दिखाना' का अर्थ है

(i) डराना

(ii) मज़ाक उड़ाना

(iii) इशारा करना

(iv) साफ़ इंकार करना

2. 'आँखें दिखाना' का अर्थ है

(i) इशारा करना

(ii) डराना

(iii) क्रोध करना

(iv) अपनी बात कहना

3. 'रंग उड़ना' का अर्थ है

(i) उड़कर जाना

(ii) रंग चला जाना

(iii) भाग जाना

(iv) चेहरा फीका पड़ना

4. 'चिकना घड़ा होना' का अर्थ है–

(i) चिकने घड़े को सभी पसंद करते हैं।

(ii) अत्यंत आकर्षक होना

(iii) निर्लज्ज होना

(iv) चिकना बनाने के लिए घड़े पर तेल लगाना

5. दाल में काला होना

(i) दाल में मिलावट होना

(ii) संदेह होना

(iii) दाल में मक्खी गिरना

(iv) काली छिलके वाली दाल बनाना

उत्तर-

1. (iv) 2. (ii) 3. (iv) 4. (iii) 5. (ii)